हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

09 स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में किया पौधारोपण



10 राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ सांसद खेल महोत्सव



# मनरेगा से बदली किसान की तक़दीर, कृषि तालाब बना आजीविका का सहारा

## सिमगा ब्लॉक के अडबंधा गांव में ढाई लाख की लागत से हुआ तालाब निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण का भी कार्य सफलतापूर्वक हो रहा है। विकासखंड सिमगा के ग्राम अडबंधा में इसी योजना के तहत किसान सोमित साहू के लिए एक 600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कृषि तालाब का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत करीब 2.5 लाख रही।

- सिंचाई के साथ मछली पालन कर आय बढ़ा रहे हैं ग्रामीण



### किसान सोमित साहू ने बताई बदलाव की कहानी

किसान सोमित साहू ने बताया कि पहले उनके पास स्थायी आजीविका का कोई साधन नहीं था। कृषि तालाब बनने के बाद अब वे मछली पालन के साथ-साथ अपने खेतों की सिंचाई भी कर पा रहे हैं। इससे आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और जीवन में स्थायित्व आया है।

ग्राम पंचायत को कार्य एजेंसी बनाकर यह निर्माण कार्य किया गया। इस तालाब ने न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दिया, बल्कि ग्राम के अन्य किसानों को भी इस दिशा में प्रेरित किया। तालाब से सिंचाई और मछली पालन दोनों गतिविधियाँ शुरू हुई हैं, जिससे किसानों की आमदनी में सकारात्मक बदलाव आया है।

तालाब निर्माण के बाद जल संचयन की सुविधा से प्रभावित होकर गांव के अन्य किसान भी कृषि तालाब निर्माण में रुचि दिखा रहे हैं। इससे न केवल सिंचाई की सुविधा बढ़ी है, बल्कि सतही जल का बेहतर उपयोग भी संभव हो रहा है, जिससे खेती की निर्भरता मौसम पर कम हुई है।

## खबर संक्षेप

### कार्य में लापरवाही पर पटवारी को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को बहुत ही संजीदगी से लिया जा रहा है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिमगा के पटवारी सौरभ अग्रवाल अनेक निर्देश के बावजूद डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फार्मर रजिस्ट्री कार्य में रूचि नहीं लिया जा रहा था जिससे अनुभाग की प्रगति प्रभावित हो रही थी। इस कारण एसडीएम सिमगा द्वारा पटवारी सौरभ अग्रवाल को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### चार वारंटियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई



**सिमगा** | थाना सिमगा में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जो अपराधी जमानत उपरांत न्यायिक व्यवस्था का पालन नहीं करते उनके विरुद्ध स्थाई वारंटी की कार्यवाही किया जाता है । इसी तारतम्य में चार स्थाई वारंटियों में विजय कुमार गेण्डरें, लाला ओगरे, संजय वर्मा, शिवकुमार, के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायाधीश ने चारों को जेल भेज दिया ।

### छिलपावन में युवती ने की आत्महत्या

**झलप**। ग्राम छिलपावन में वार्ड नंबर 3 देवार पारा निवासी ज्योति गायकवाड़ पिता पुनीत राम ने अपने घर में फांसी लगा ली। पटेवा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर पंचनामा बना शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पिपरौद में महिला के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम पिपरौद निवासी एक महिला के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ सांकरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। सांकरा पुलिस को रूपई सेठ पति कुंजबिहारी सेठ पिपरौदने बताया कि 30 अगस्त की सुबह 10 बजे अपने घर के बाड़ी में थी, उसी समय गांव की कमला सवरा के द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'संडे ऑन सायकिल' का आयोजन, स्कूली बच्चों ने बढ़ाया उत्साह

# फिटनेस का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे बच्चे व अफसर, फिट रहने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को जिला प्रशासन द्वारा 'मोर खेल मोर गौरव - संडे ऑन सायकल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय पं. चक्रपाणि शुक्ल हाईस्कूल मैदान से सुबह 7 बजे हुई। रैली तहसील कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड, यातायात कार्यालय, गौरव पथ होते हुए पुनः स्कूल मैदान में समाप्त हुई।

इस आयोजन में कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ गणवीर धम्मशील, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। सभी ने सायकिल चलाकर लोगों को फिटनेस और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रैली के दौरान रास्ते भर उत्साह देखने को मिला।



### खेलकूद को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

डीएफओ श्री धम्मशील ने कहा कि शरीर हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। जैसे हम अपनी संपत्ति को संभालते हैं, उसी तरह शरीर की देखभाल भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को सलाह दी कि मोबाइल और टीवी से समय निकालकर खेलकूद को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने दिनचर्या में समय प्रबंधन पर भी बल दिया।

### फिटनेस है असली पूंजी

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, शरीर और मन का स्वस्थ रहना भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे स्ट्रीट फूड से दूर रहें और घर का ताजा व संतुलित भोजन करना सीखें। फिटनेस शपथ दिलाते हुए उन्होंने कहा कि जो शरीर को सहेजता है, वही जीवन में लंबा और सफल सफर तय करता है।

# नहर से अवैध सिंचाई पर जल संसाधन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जिले में एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद झमाझम बारिश नहीं हुई है। खरीफ फसल को सूखे से बचाने के लिए 12 अगस्त को गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया, लेकिन टेल एरिया के गांवों तक पानी नहीं पहुंच पाने की शिकायतें लगातार आ रही थीं। जांच में पता चला कि कुछ किसानों द्वारा नहरों को काटकर और मोटर पंप लगाकर अवैध सिंचाई की जा रही है।

- 10 मोटर पंप और 5 सेक्शन पाइप जब्त, टेल एरिया तक पानी पहुंचाने विभाग सख्त

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जल संसाधन विभाग की टीम सख्त कार्रवाई में जुट गई है। बलौदाबाजार शाखा नहर के निरीक्षण में अब तक 10 मोटर पंप और 5 नग सेक्शन पाइप जब्त किए गए हैं। अवैध सिंचाई रोकने के लिए



विभाग ने संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को भी पत्र लिखा है।

पाड़ाभाट, कनकी, बरडीह, चूचरूंगपुर, करमनडीह और रवान जैसे गांवों में विभाग की टीम ने सघन निरीक्षण किया। जहां-जहां अवैध मोटर पंप और पाइप लगे मिले, उन्हें मौके पर जब्त कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।

### अधिकारियों ने दिया सख्त संदेश, जारी रहेगी कार्रवाई

जल प्रबंधन उपसंभाग क्रमांक 7 के एसडीओ ए.के. नागपूरे ने बताया कि अवैध रूप से सिंचाई करने से टेल एरिया के किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग का लक्ष्य अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना है और इस दिशा में कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सोनारदेवरी से लवन तक नहर में सफाई का अभाव, पानी की धार में रुकावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

एक महीने से अधिक बारिश नहीं होने पर खरीफ फसल में धान की खेती के लिए पानी की सख्त आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नहर से टेल एरिया तक पानी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन नहर के अंदर में कई जगहों पर बेसरम घास फूस बड़ी संख्या में उग गए हैं जिसके चलते नहर में आ रहे पानी की धार में रुकावट बना हुआ है।

- 20 दिन बीतने के बाद भी नहीं पहुंचा पर्याप्त पानी, धान की फसल पर संकट



गंगरेल बांध से पानी छोड़े लगभग 20 रोज हो गया किंतु अभी तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा है ।

सोनारदेवरी से लवन तक नहरे में कई जगहो पर मरम्मत व सफाई नहीं हुआ है यदि सफाई हो जाता तो नहर की पानी बहुत जल्द टेल एरिया तक पहुंच जाता। किसानों ने नहर के अंदर उगे बेशरम एवं अन्य पेड़ों की साफ-सफाई करने सिंचाई विभाग से मांग की है ताकि पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सके और धान की फसलों को बचाया जा सके ।

# टुण्डरा में लगा रक्तदान शिविर, 50 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अगस्त को मन की बात कार्यक्रम पूरे देश में किया गया जिसको लोगों ने रेडियो के माध्यम से सुना । इस अवसर पर भाजपा मंडल मुख्यालय नगर पंचायत टुण्डरा के शाखा मित्र मंडल के तत्वधान पर नगर पंचायत टुण्डरा के चंडी चौक में संकट मोचन रक्त केंद्र शिवरीनारायण द्वारा रक्त शिविर का आयोजन किया गया।

- सखा मित्र मंडल और संकट मोचन रक्त केंद्र का संयुक्त आयोजन
- चंडी चौक में हुआ शिविर, नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

जिसमें नगर पंचायत टुण्डरा के



लगभग 50 लोगों ने इस शिविर में 50 यूनिट रक्तदान किया गया। सर्वप्रथम मां चंडी की पूजा अर्चना कर रक्त रक्तदान शिविर का प्रारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष छतराम साहू, रामप्रसाद साहू अध्यक्ष प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति, सत्यनारायण पटेल पार्षद, मनमोहन साहू अध्यक्ष किसान विकास समिति, पी के घृतलहरे, युधिष्ठिर बंजारे, हेमंत साहू, विमल साहू, संकट मोचन रक्त केंद्र से संचालक गोविंद साहू, रामनरेश साहू, संजीव प्रधान, नरोत्तम पटेल, चंद्रकुमार श्रीवास, मुमताज बानो, निर्मला कश्यप, रंजीत महंत, सखा मित्र मंडल से विमल साहू, रोशन, राहुल केशरवानी, आशीष पटेल, देवेंद्र, जयकिशन, नरेंद्र साहू, हेमंत पटेल, जयदीप, गोलू साहू, धनीराम साहू, मूलचंद साहू, गोपाल पटेल, गौरव पटेल, चंद्रकांत पटेल, नीलकंठ साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## किसानों पर मंडराया अकाल का खतरा, राहत की मांग तेज

# पानी की भारी कमी से संकट में धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

क्षेत्र में लंबे समय से हो रही बारिश की कमी ने किसानों की चिंताओं को गहरा कर दिया है। करीब 16 गांवों में धान की फसल अंतिम अवस्था में पहुंचने के बावजूद पर्याप्त पानी न मिलने के कारण बर्बादी की कगार पर है। खेतों में नमी की कमी से फसल का विकास रुक गया है, और कई जगहों पर दरारें पड़ने लगी हैं।

- 16 गांवों में सूखे जैसे हालात, खेतों में पड़ रही दरारें

किसानों का कहना है कि यदि 20-25 दिनों के भीतर बारिश नहीं हुई, तो अकाल जैसी स्थिति बन सकती है। किसान रिखीराम ने बताया कि शुरुआती बारिश ने उम्मीदें जगाईं थीं, लेकिन अब सूखे जैसे हालात उनकी मेहनत पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं।



**धान की फसल के लिए जल संकट गंभीर:** धान की खेती में इस समय जल की अत्यधिक आवश्यकता होती है। लेकिन बारिश की अनियमितता के कारण खेतों में सूखापन बढ़ता जा रहा है। यदि यह स्थिति कुछ और दिनों तक बनी रही, तो उत्पादन में भारी गिरावट तय मानी जा रही है।

### प्रशासन से राहत की मांग

किसानों ने स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई है कि वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था या किसी राहत योजना की तत्काल घोषणा की जाए। जल संसाधन विभाग से मांग की जा रही है कि बांधों और जलाशयों से पानी छोड़ने पर विचार किया जाए ताकि खेतों में जान फूंकी जा सके।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

**खबर संक्षेप**

### किशोरी तालाब में डूबी, मिर्गी का दौरा पड़ने की आशंका

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में एक 17 साल की किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, अभनपुर निवासी किशोरी शुक्रवार को घड़ा लेकर तालाब में पानी भरने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर किशोरी के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सुबह पुलिस को तालाब में किशोरी की लाश होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने परिजनों से लाश की शिनाख्त कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी को मिर्गी का दौरा पड़ता रहता था। पुलिस को आशंका है कि मिर्गी का दौरा पड़ने की वजह से किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई होगी।

### आबकारी में शिकायत करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने तथा पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। झांकी निवासी अनिल कुमार जोशी ने मदन, रंजीत तथा खिलावन बघेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि तीनों ने उसके घर में घुसकर उनके खिलाफ आबकारी विभाग में शिकायत करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। मदन ने अनिल तथा महेश जोशी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### पुरस्कार के लिए 15 तक ऑनलाइन करें आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित संचालक मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि राज्य में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों एवं व्यक्तियों को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर के अवसर पर राज्य स्तरीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देने वाले श्रेष्ठ प्रयासों को सामने लाना है। सभी श्रेणियों में पुरस्कारों के लिए पात्र आवेदक 1 से 15 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सांसद मोइत्रा के खिलाफ थाने में शिकायत

**रायपुर।** गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने पुलिस अधीक्षक, रायपुर के नाम माना पुलिस थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा। इस पत्र में सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा देश के गृह मंत्री मित शाह के विरुद्ध दिए गए कथित विवादित बयान को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए, इसे गृह मंत्री की हत्या के लिए उकसाने जैसा कृत्य बताया। गोपाल सामन्तो व अंजना गाइन ने अपने पत्र में कहा, जब देश के सर्वोच्च सदन में चुनी गई एक सांसद द्वारा इस प्रकार का बयान दिया जाता है, तो यह न केवल लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह समाज में अराजकता, अशांति और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है।

# नए भवन में कमिश्नर कार्यालय की शिफ्टिंग शुरू, पितृ पक्ष के बाद एसएसपी कार्यालय भी होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संभाग कार्यालय की शिफ्टिंग नए भवन में शुरू हो गई है। इसकी शिफ्टिंग होते ही एसएसपी कार्यालय को रायपुर संभाग आयुक्त के पुराने कार्यालय में शिफ्ट किया जाएगा। संभवतः पितृ पक्ष के बाद एसएसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा। एसएसपी कार्यालय के शिफ्ट होते ही कलेक्टोरेट में ढाई साल से अटका पांच मंजिल कम्पोजिट बिल्डिंग निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो पाएगा, क्योंकि नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण अभी तक एसएसपी भवन के खाली नहीं होने के कारण अटका हुआ है। इसके खाली होते ही एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी।

## एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी

### एसएसपी कार्यालय भी पितृ पक्ष के बाद होगा शिफ्ट

एसएसपी कार्यालय को भी पितृ पक्ष के बाद या नवरात्रि तक संभाग आयुक्त के पुराने भवन में शिफ्ट किए जाने की संभावना है। शिफ्टिंग को लेकर एसएसपी कार्यालय में तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। एसएसपी कार्यालय में एसएसपी, एएसपी, राजपत्रित अधिकारी भी बैठते हैं। इसके अलावा वित्त शाखा, आवक-जावक सहित पुलिस से संबंधित अन्य कई विभाग के दफ्तर भी हैं। ये सभी धीरे-धीरे संभाग कार्यालय में शिफ्ट किए जाएंगे। सूत्र की मानें, तो एसएसपी लाल उम्मेद सिंह का चैंबर उसी रूम में होगा, जहां संभाग आयुक्त महादेव कावरे बैठा करते हैं।



### एसएसपी भवन टूटने के बाद बनेगी नई कम्पोजिट बिल्डिंग

एसएसपी कार्यालय भवन के टूटने के बाद यहां नई कम्पोजिट बिल्डिंग बनाई जाएगी। लगभग 30 करोड़ की लागत से बनने वाली नई बिल्डिंग में एक तरफ कलेक्टोरेट और दूसरी तरफ एसएसपी कार्यालय के दफ्तर होंगे। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए करीब ढाई साल पहले ही पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से टेंडर दिया जा चुका है। निर्माण एजेंसी सिर्फ एसएसपी कार्यालय के शिफ्ट होने का इंतजार में है। इसके शिफ्ट होते ही एजेंसी निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। हालांकि बताया जा रहा है कि कलेक्टर अपने पुराने कक्ष में ही बैठेंगे, क्योंकि अंग्रेजों के जमाने की पुरानी कलेक्टर बिल्डिंग को तोड़ने का अभी कोई प्लान तैयार नहीं किया गया है।

### संभाग आयुक्त कार्यालय के लिए तीन मंजिला नया भवन तैयार

संभाग आयुक्त कार्यालय के ठीक पीछे परिसर में संभाग कार्यालय के लिए तीन मंजिला नया भवन तैयार किया गया है। इस भवन के तैयार होते ही संभाग कार्यालय को शिफ्ट करने की कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार सबसे पहले संभाग कार्यालय के रिकार्ड रूम को नए भवन में शिफ्ट किया जा रहा है। रिकार्ड रूम शिफ्ट होने के बाद धीरे-धीरे संभाग कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रूम को शिफ्ट किया जाएगा। सूत्र के अनुसार सबसे आखिरी में संभाग आयुक्त का रूम एवं कोर्ट को नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा। सूत्र की मानें, तो संभाग आयुक्त कार्यालय आगामी सप्ताहभर नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा।

## सफाई और नगर निवेश श्रेणी की सेवाएं बाधित करना पड़ रहा भारी

# एक महीने में 618 लोगों को ई चालान और ई नोटिस 4 लाख 32 हजार की ऑनलाइन जमा कराई पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 70 वार्डों में मेनुअल नोटिस की जगह सीधे ई चालान

नगर निगम ने अपने निर्माण सहित अन्य तरह के कार्यों में ई चालान और ई नोटिस देने का सिस्टम शुरू किया है। इसमें निर्माण के दौरान निकलने वाले मलबा को बाहर डंप करने से लेकर सरकारी संपत्ति विरूपण जैसे मामले में ई पेनाल्टी लगाई जा रही है। वहीं घरों व दुकानों का कचरा नाली में डालने, सार्वजनिक स्थानों पर फैलाने, सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके नहीं देने के अलावा सड़क यातायात बाधित करने पर पेनाल्टी वसूली जा रही है। कुल मिलाकर नगर निवेश और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी 19 सेवाओं को इसमें शामिल किया गया है। पिछले 1 माह में अलग-अलग श्रेणी के सेवाओं में चूक करने 600 से ज्यादा लोगों को मौके पर ही ई चालान देकर उनसे 4 लाख 32 हजार रुपये की पेनाल्टी वसूली गई।

दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणी की सेवाओं में चूक करना अब लोगों को महंगा पड़ने लगा है। निगम ने स्वास्थ्य सेवा से जुड़े 13 और नगर निवेश से 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई चालान को डिजीटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर दिया है। इस स्थिति में यदि इस चालान के जुर्माने की रकम भरने में नागरिक देरी करता है तो इससे सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के साथ डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल रहा, जिसको साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई चालान की राशि इसमें जोड़ दिया गया है।



### फोटो खींचकर अपलोड करते ही जुर्माना तय

नगर निगम के एप में बनाए गए ई चालान पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर निगम के संबंधित कर्मचारी अधिकारी नाले-नाली में कचरा फेंकने या समारोह के दौरान कूड़े को स्थल पर छोड़ने, निर्माण के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने की स्थिति फोटो खींचकर अपलोड करते हैं। इससे जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से आ जाती है। रकम में किसी प्रकार के घट-बढ़ नहीं हो सकती, जबकि मेनुवल सिस्टम में पेनाल्टी को घटाने-बढ़ाने की व्यवस्था दी गई थी। इस बार चूक करने वाले को स्पॉट पर ही ऑनलाइन पेनाल्टी की रकम फोन पे, यूपीआई या पॉश मशीन से भुगतान करने का विकल्प मिलता है।

### कहां और किस इलाके में कार्रवाई

सूखा और गीला कचरा अलग-अलग नहीं दिये जाने पर अशोक नगर, जनता कालोनी गुढ़ियारी में 200 रुपये का ई चालान जारी किया गया।शिवानंद नगर के विनायक विहार कालोनी में मटन दुकान वाले पर दुकान का अपशिष्ट बाहर फेंकने पर 200 रुपये , पहाड़ी पारा के सांई मंदिर के सामने सार्वजिक स्थान पर कूड़ा बिखरने पर 1 हजार रुपये का ई चालान कर पेनाल्टी की रकम जमा कराई गई। गोगांव के सीतानगर में भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डंप करने वाले से 1000 रुपये का ई चालान वसूला गया। भोजनगर में सड़क अवरोध किए जाने पर 4 हजार की पेनाल्टी ई चालान के रूप में वसूली गई। बसंत विहार गेट नंबर 2 में ग्रीन नेट नहीं लगाने पर निगम की टीम ने 2 हजार का ई चालान जमा करवाया। खमतराई इलाके में पैराडाइज हॉटल के पास आवासीय कालोनी के प्रसार का विज्ञापन चस्पा किए जाने संपत्ति विरूपण मामले में 5 हजार रुपए का ई चालान जारी कर पेनाल्टी जमा कराई गई। गोविंद नगर गोंदवारा में मलबा डंप करने पर 1 हजार रुपये, देवेंद्र नगर के नए टिंबर मार्केट इलाके में सेक्टर 3 क्षेत्र में सार्वजनिक नाली में कचरा डालने पर 2 हजार रुपए ई चालानजारी किया गया।

शहीद स्मारक भवन के पास सड़क अवरोध के मामले में 5 लोगों से स्पॉट पर फोटो अपलोड कर 5 हजार रुपये का ई चालान जारी कर पेनाल्टी की राशि ऑनलाइन जमा कराई गई। रेल्वे स्टेशन क्षेत्र के संजय गांधी चौक के हॉटल संचालक पर खुले में कचरा फैलाने पर 2 हजार रुपये का ई चालान जारी कर पेनाल्टी वसूली गई। गोविंद नगर में खुले में शौच करते पाए जाने पर एक व्यक्ति से 1 हजार रुपये की पेनाल्टी जमा कराई। आमापारा क्षेत्र स्थित गुरू घासीदास प्लाजा परिसर के दुकानदार पर सड़क अवरोध पर 5 हजार की ई चालान ऑनलाइन जमा कराया गया। वहीं डीडी नगर के एक नागरिक द्वारा सड़क पर मलबा डंप करने की स्थिति में 1,500 रुपये की पेनाल्टी जमा कराई गई। सड़क यातायात बाधित होने पर नारायण हृदयालय से 5 हजार रुपए ई चालान वसूला गया।

**नगर निवेश की 4 श्रेणी में चूक पर** ई चालान, सड़क अवरोध, संपत्ति विरूपण की स्थिति, ग्रीन नेट न लगाए जाने पर, मलबा खुले में छोड़ने पर।

**स्वास्थ्य की 12 श्रेणियों में लापरवाही पर** ई-चालान, गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने पर, डायपर सेनेटरी पैड कचरे में मिक्स करने पर, गार्डन वेस्ट का निराकरण न करने पर, कूड़े को खुले में फेंकने या जलाने पर, बिना नगर निगम को सूचित किये 100 व्यक्तियों से ज्यादा का समारोह, समारोह के दौरान कूड़े को स्थल में ही छोड़ने पर, स्ट्रीट वेंडर द्वारा कचरा फैलाने, मिक्स करने पर, कालोनी, बाजार द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करना, 5 हजार वर्गमीटर से ज्यादा बड़ी कालोनी, संस्था द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग न करने पर, हॉटल, रेस्टोरेंट द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग न करने की स्थिति में, खुले में शौच करने पर।

# लभांडी में दो कार और एंबुलेंस आपस में टकराईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एक्सीडेंट में दो महिलाएं हुईं चोटिल, थाने में किसी भी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी चौक पर शनिवार दोपहर दो कार और एक एंबुलेंस आपस में टकरा गईं। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं को चोटें आई हैं। एंबुलेंस चालक तथा अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद किसी ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। आपसी समझौता कर मामले को रफा-दफा कर लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही एंबुलेंस को टक्कर मारी, जिससे पीछे से आ रही दूसरी कार ने भी एंबुलेंस को टक्कर मारने वाली कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार के सामने तथा पीछे का दूसरी कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट के बाद गुजर रहे राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लगाने से एक्सीडेंट होने की बात सामने आई है।

## गंगरेल में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

# प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा बांध लबालब झुमका और पिपरिया 99 प्रतिशत भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


- ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में से 12 बांध लबालब हो गए हैं। वहीं एक दर्जन बांध ऐसे हैं जहां 90 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है। वर्तमान में बांधों में 85.87 प्रतिशत जल भराव है। बांधों में इसी तारीख में वर्ष 2024 में 86 और 2023 में 75 प्रतिशत जल भराव की स्थिति थी। मिनी माता बांगो बांध में अभी 89 प्रतिशत जलस्तर है, जो 2024 में 90 प्रतिशत था। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 90 प्रतिशत जल भराव के मुकाबले पिछले साल 79 था। तांदूला बांध में अभी 95 प्रतिशत पानी है। 2023 में 65 और 2024 में 86 प्रतिशत जल भराव इस दौरान पाया गया।

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं उनमें खारंग, मनियारी, कोसारटेडा, परजकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, बरौनी और धारा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधो में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोडे जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।

### इन बांधों में 90 प्रतिशत से अधिक पानी

वहीं प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगों में 89.37, गंगरेल 90.37, तांदूला 95, सिकासार 96, खरखरा 96, कोसारटेडा 95, छीरपानी 93, मटियामोती 96, झुमका 99, गेज टेंक 97, कर्रानाला 96 और मयाना में 95 प्रतिश्त जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।



### कई जिलों में कम बारिश

छत्तीसगढ़ में इस बार अच्छी बारिश हुई है। प्रदेश के कई बांध भर चुके हैं, लेकिन कुछ जिलों में कम बारिश के कारण खेत सूखने लगे है। इनमें बेमेतरा, सारंगढ़, बलौदाबाजार, महासमुंद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सरगुजा और रायपुर जिले के कुछ इलाकों में फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। यहां फसलों को बचाने बांधों से पानी छोड़ने की मांग लगातार की जा रही है।

### प्रदेश में अब तक 871 मिमी औसत वर्षा

छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 871 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1259.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 430 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 736, बलौदाबाजार में 613, गरियाबंद में 729, महासमुंद में 646 और धमतरी में 777 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 833, मुंगेली में 814, रायगढ़ में 1024, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 701, जांजगीर-चांपा में 1015, सक्ती में 894, कोरबा में 843 और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 847 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 713, कबीरधाम में 612, राजनांदगांव में 783, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1090, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 654 और बालोद में 940 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 621, सूरजपुर में 955, जशपुर में 864, कोरिया में 982 और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 877.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# लूट के इरादे से कार चालक की हत्या, दो को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दो वर्ष पूर्व अभनपुर थाना क्षेत्र की घटना

अभनपुर थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व लूट के इरादे से कार बुक कर कार चालक की हत्या के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई। हत्यारों ने रायपुर शीतलापारा निवासी अपने परिचित की कार बुक कर लूट करने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार तपन बांधे उर्फ धन्नू तथा राकेश कुर्रे को कोर्ट ने सुनील वर्मा (47) की हत्या के आरोप में कैद की सजा सुनाई है। राकेश ने 14 अप्रैल 2023 को रात साढ़े नौ बजे सुनील को कॉल कर रायपुर से अभनपुर, खोला जाने कार बुक कराई। कार बुक कराने के बाद राकेश ने कार में अपने साथ तपन को बैठा लिया। तपन कार में बैठने के पूर्व अपने घर से झोला में गमछा तथा रस्सी साथ रख लिया। खोला पहुंचने के पहले दोनों ने नहर किनारे शौच जाने के बहाने कार रुकवाई। थोड़ी देर बाद कार के पीछे बैठे तपन ने अपने झोला से गमछा निकालकर सुनील की गला घोंटकर हत्या कर दी और लाश कार की डिक्की में डाल दी।



### हत्या करने के बाद लाश घर के आंगन में दफना दी

सुनील की हत्या कर लाश डिक्की में रखने के बाद राकेश अपने साथी के साथ देर रात तक कार लेकर ईधर-उधर घूमता रहा। गांव के लोग सब सो गए। इसके बाद राकेश ने अपने साथी के साथ मिलकर अपने पुराने घर के आंगन में गड्ढा कर लाश दफना दी। मृतक की बेटी की शिकायत पर पुलिस पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को राकेश तथा तपन के साथ सुनील के साथ आखिरी बार देखे जाने की जानकारी मिली। सख्ती से पूछताछ करने पर राकेश ने पुलिस को कार लूट करने की नीयत से सुनील की हत्या करने का अपराध कबूल किया। घटना के 10 दिन बाद पुलिस को राकेश के घर के आंगन से सुनील की लाश मिली।

## इंजीनियरों की टीम हर हफ़्ते करेगी काम

# महानदी जल विवाद सुलझाने छत्तीसगढ़ और ओडिशा मिलकर खोजेंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय से चले आ रहे महानदी जल विवाद को सुलझाने के लिए छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने बातचीत का रास्ता चुना है। दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और जल संसाधन सचिवों की बैठक शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें मिलकर समाधान खोजने पर सहमति बनी।

बैठक में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले, जो सबके लिए लाभकारी हो। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह पहल सफल रही, तो यह न सिर्फ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल होगी कि बड़े और पुराने विवाद भी आपसी बातचीत और सहयोग से सुलझाए जा सकते हैं।



### अगले माह से हर हफ्ते बैठक

बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियां, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियां मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है।

# कलेक्टर ने युवाओं को पढ़ाया भूगोल का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तीन घंटों तक कलेक्टर ने ली प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों की मैराथन क्लास

जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट अनुभव की शुरुआत की है। इसके तहत शनिवार को योग भवन फुंडहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्यापन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कलेक्टर गौरव सिंह ने स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को भूगोल विषय का पाठ पढ़ाया। उन्होंने चित्र के माध्यम से युवाओं को विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की और गंगा, सिंधु, चंबल, यमुना, कावेरी, महानदी, इंद्रावती जैसी प्रमुख नदियों के साथ ही उनकी सहायक नदी, तट पर बड़े शहर, उद्योग की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी।

कलेक्टर ने प्रश्न भी पूछे जैसे तर्रीघाट कहां है, क्यों प्रसिद्ध है, खूंटाघाट परियोजना किस नदी पर स्थित है आदि। कक्षा के दौरान विधार्थियों को होम वर्क भी दिए, जिसे आगामी क्लास में पूछा जाएगा तथा इसका सही जवाब बताया जाएगा।



इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, बिरगांव निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा, एसडीएम नंद कुमार चौबे, एसडीएम अभिलाषा पैंकरा, एसडीएम रवि सिंह, आरटीओ आशीष देवांगन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कक्षाएं लेने से परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी

कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी समय-समय पर अलग-अलग विषयों पर कक्षाएं लेंगे, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विशेष मदद मिलेगी। उन्होंने विशेष टिप देते हुए कहा कि पढ़े हुए को याद रखने के लिए आंख बंद करके मनन करें और उसको रीकॉल करें। अगले दिन हर क्लास से पहले, पहले दिन का 50 क्वेश्चन एमसीक्यू फॉर्मेट में दिया जाएगा, जिससे आपका रिवीजन होगा। अलग-अलग अधिकारी हफ्ते में 2 दिन आपकी क्लास लेंगे।

## खबर संक्षेप

### सांकेतिक भाषा में अनुवादक बनने का जीनल को मिला मौका

**रायपुर।** सांख्यिकी एवं योजना विभाग-इंद्रावती भवन द्वारा राजधानी रायपुर में नीति आयोग की राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीनल श्रीवास्तव को सांकेतिक भाषा का अनुवादक बनने का मौका मिला है। वे राज्य की एकमात्र पंजीकृत सीएल दुभाषिया हैं। कार्यशाला में शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के दूसरे और तीसरे सत्र में उच्च शिक्षा कौशल विकास और उद्यमिता में मेंटरशिप की अहमियत पर गहराई से चर्चा हुई।

### अगल-बगल कार वर्कशॉप संचालक से मारपीट

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में एक कार वर्कशॉप संचालक ने दूसरे वर्कशॉप संचालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजा ने अनी सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रजा ने पुलिस को बताया कि उसका तथा अनी सिंह का कार वर्कशॉप अगल-बगल है। कार डिलीवरी देने वह ग्राहक की कार निकाल रहा था। इस दौरान रजा के दुकान के सामने अनी सिंह किसी की कार मरम्मत कर रहा था। रजा ने अनी को कार हटाने के लिए कहा, इस बात से नाराज होकर अनी ने राजा के साथ मारपीट की।

### डीएपी, यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति करने की मांग

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के



जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि महासमुंद जिले की सोसाइटियों में डीएपी खाद की कमी की अभी भी बनी हुई है। वहीं यूरिया की भारी कमी से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। यूरिया की कमी से कई किसान प्रतिदिन संघर्ष कर रहे हैं। किसान मज़बूरी में निजी विक्रेताओं से खाद 2200 प्रति बैग और यूरिया 1200 रुपए में खरीद रहे हैं, जो कि राज्य सरकार के लिए शर्मनाक है। सरकार को इस कालाबाजारी पर रोक लगाना चाहिए। कृत्रिम कमी दिखाकर किसानों को निजी विक्रेताओं से यूरिया खरीदने को जानबूझकर मजबूर किया जा रहा है। ताकि, निजी विक्रेताओं को लाभ पहुंचाकर उनसे मोटा कमीशन लिया जा सके। यदि आवश्यक यूरिया की आपूर्ति अगले कुछ दिनों में नहीं की गई तो फसल की पैदावार में कमी आएगी और कर्ज लेकर खेती करने वाला किसान आत्महत्या हो मजबूर हो जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। आम आदमी पार्टी महासमुंद जिले में यूरिया की कमी से किसानों को हो रही और यदि जल्द ही सरकार ने किसानों की परेशानियां दूर नहीं की तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।

### बैदपाली में उपसरपंच के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बैदपाली के उपसरपंच के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सरायपाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को रामलाल ने बताया कि वह वर्तमान में ग्राम बैदपाली का उप-सरपंच है। 27 अगस्त की रात 7.40 बजे खाना खाकर घर से बाहर निकला था, उसी समय संतराम उर्फ बीरेंद्र नाग उसके घर के सामने आकर पंच-सरपंच को गालियां दे रहा था।

### लभांडी में दो कार और एंबुलेंस आपस में टकराईं

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के लाभांडी चौक पर शनिवार दोपहर दो कार और एक एंबुलेंस आपस में टकरा गईं। हादसे में कार में सवार दो महिलाओं को चोटें आई हैं। एंबुलेंस चालक तथा अन्य को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद किसी ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई। आपसी समझौता कर मामले को रफा-दफा कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही एंबुलेंस को टक्कर मारी, जिससे पीछे से आ रही दूसरी कार ने भी एंबुलेंस को टक्कर मारने वाली कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार के सामने तथा पीछे का दूसरी कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट के बाद गुजर रहे राहगीरों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस तथा 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

---

**आयोजन : मोहल्ला विकास समिति की प्रेरक पहल, पर्यावरण और भावनाओं का सुंदर संगम**

# स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



धोबी तालाब परिसर में रविवार को एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जब मोहल्ला विकास समिति के तत्वावधान में स्वर्गीय परिजनों की स्मृति को अमर बनाए रखने के उद्देश्य से वार्डवासियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया।

हर नागरिक ने अपने दिवंगत परिजन की याद में पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने संकल्प लिया कि वे पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाएंगे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पार्षद रोहित साहू, मोहन साहू, मनोज साहू, लखेश साहू, मायाराम पाल, राजेश साहू, रमेश नेगी, संतोष देवांगन, ओपी सिंह, अलेन निषाद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पर्यावरणीय जागरूकता का यह संदेश पूरे शहर में फैलाने का संकल्प लिया।

**पौधारोपण को बनाया श्रद्धा का माध्यम:** वार्डवासियों ने यह संदेश दिया कि जब किसी प्रियजन का निधन होता है, तो उसकी याद में एक पौधा लगाना एक सशक्त भावनात्मक अभिव्यक्ति है। यह न केवल उनकी स्मृति को जीवित रखता है, बल्कि पृथ्वी को भी हरित और समृद्ध बनाता है।

**हर परिवार लगाए एक स्मृति वृक्ष :** समिति के सदस्यों ने लोगों से आग्रह किया कि स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में पौधारोपण को सामाजिक परंपरा के रूप में अपनाया जाए। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण तैयार होगा और भावनाओं को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी मिलेगा।

## मुक्तिधाम की हरियाली और सफाई में जुटे युवा



**खरोरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 03 स्थित मुक्तिधाम को हरियाली और स्वच्छता से भरने का संकल्प लेकर युवाओं की टोली दिन-प्रतिदिन सेवा में जुटी है। उपेक्षा और अव्यवस्था के चलते लंबे समय से बदहाल मुक्तिधाम अब बदलने लगा है। युवाओं के इस अभियान को प्रोत्साहित करने पहुंचे खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने खुद वृक्षारोपण किया और नगरवासियों से इस मुहिम में साथ देने की अपील की। पूर्व में जहां अंतिम संस्कार में आए लोगों को गंदगी और खरपतवार के कारण असुविधा होती थी, वहीं अब मुक्तिधाम में सुबह-सुबह सफाई और पौधों की देखरेख होती है। ललित साहू, टेशम गिलहरे, पार्षद शेखर देवांगन सहित युवाओं की टीम इस सेवा में लगातार जुटी हुई है। प्रत्येक सुबह युवा टीम मुक्तिधाम पहुंचकर पूरे परिसर की सफाई करती है और लगाए गए पौधों में पानी देती है। यह सेवा भावना अब परिणाम भी दिखा रही है — मुक्तिधाम हरियाली से भरने लगा है और श्रद्धा का वातावरण बनने लगा है।

नगरवासियों से जोड़े जाने की अपील। पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने युवाओं के कार्य की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि यह पहल पूरे नगर के लिए प्रेरणास्पद है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से आग्रह किया कि ऐसे सकारात्मक प्रयासों को सामूहिक सहयोग देकर सफल बनाएं।

---

# राजधानी में स्वीकृत दो छात्रावास आठ साल में मूर्त रूप नहीं ले पाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**■ कमल विहार के मामले में 20 प्रतिशत कार्य, देवपुरी में शुरू नहीं हो पाया कार्य**

हाल ही में दंतेवाड़ा में फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार कर 45 फर्जी टेंडर निकलवाए और डीएमएफ फंड में करोड़ों का घोटाला किया गया। इसी प्रकार डीएमएफ फंड से आठ साल पहले राजधानी में स्वीकृत दो आश्रम छात्रावास अब तक मूर्त रूप नहीं ले पाए हैं। इनमें से एक आश्रम छात्रावास कमल विहार और दूसरा देवपुरी क्षेत्र में बनना था। इनमें से एक कमल विहार इलाके में निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार को अग्रिम भुगतान किया गया था। उसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। निर्माण कार्य बंद होने के कारण

### डीएमएफ फंड से स्वीकृत था, कार्यादेश निरस्त



स्वीकृति के 6 साल बाद ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया।

राजधानी रायपुर में आदिम जाति कल्याण विभाग ने आश्रम छात्रावास निर्माण करने की स्वीकृति दी। विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए कमल विहार के पास जमीन का चयन कर निर्माण के लिए टेंडर जारी किया। विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए 1.74 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। उक्त भवन निर्माण के लिए आनंद सोनी ने 1.72 करोड़ में निविदा स्वीकृत की। 17 अगस्त 2017 को इसका कार्यादेश भी जारी कर दिया गया। ठेकेदार को निर्माण के लिए इसी दिन अग्रिम राशि 48 लाख 44 हजार रुपए विभाग द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। ठेकेदार को कुल 65 लाख रुपए का भुगतान निर्माण के एवज में किया गया।

प्लिंथ कार्य पूरा किया। उसके बाद से भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। 20 प्रतिशत काम करने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य बंद किए जाने से ठेकेदार को निर्माण कार्य पूरा करने के लिए नोटिस जारी किया। नोटिस जारी करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं करने के कारण विभाग ने 11 सितंबर 2023 को कार्यादेश निरस्त कर दिया।

### टेंडर जारी होने के बाद नहीं हुआ कार्य

इसी तरह देवपुरी में 3 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर जारी किया गया था। यह टेंडर मेसर्स महामाया कंस्ट्रक्शन को जारी किया गया था। टेंडर जारी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। मई 2017 में जारी किए गए टेंडर का कार्यादेश जारी किया गया था। बाद में निर्माण कार्य शुरू न हो पाने पर कार्यादेश निरस्त किया गया। बताया जाता है कि रमन सरकार के समय इसकी स्वीकृति हुई। भूपेश सरकार आने के बाद निर्माण कार्य की समीक्षा की गई और ठेका निरस्त कर दिया गया। ठेका निरस्त होने के बाद निर्माण पूरा कराए जाने की ओर कांग्रेस सरकार के समय ध्यान नहीं दिया गया। भाजपा सरकार वापस आने के बाद निर्माणाधीन आश्रम छात्रावास भवन की समीक्षा में यह मामला सामने आया।

---

# कसडोल में फोरलेन स्वीकृति कराने के लिए विधायक ने मंत्री को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल



विधानसभा कसडोल के विधायक संदीप साहू ने नगर की वर्षों पुरानी मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से नगर कसडोल के फोरलेन सड़क निर्माण और बल्दाकछार मार्ग के मजबूतीकरण की स्वीकृति की मांग की है। श्री साहू ने कहा कि कसडोल शहर में लगातार यातायात का दबाव बढ़ रहा है और सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में अब इनका उन्नयन जरूरी हो गया है।

कसडोल से बल्दाकछार तक के मार्ग की स्थिति गंभीर है, जहां लगातार गड्ढों और टूट-फूट के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। श्री साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कसडोल की जनता लंबे समय से फोरलेन और डिवाइडर सहित विद्युतीकरण वाली सड़क की मांग कर रही थी। उन्होंने इस पर तेज़ी से कार्रवाई के लिए मंत्री से आग्रह किया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कब तक स्वीकृति मिलती है और कसडोल को उसकी बहुप्रतीक्षित सड़क सौगात मिलती है।कसडोल नगर की जनता अब विधायक और विभागीय अधिकारियों से आग्रह कर रही है कि जल्द से जल्द जर्जर सड़क को ठीक किया जाए। साथ ही बल्दाकछार मार्ग का मजबूतीकरण कार्य और कसडोल नगर में फोरलेन सड़क निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाए।

### स्टीमेट भेजी गई, स्वीकृति की प्रतीक्षा

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रदीप गुप्ता ने बताया कि फोरलेन सड़क के लिए स्टीमेट तैयार कर ईएनसी (इंजीनियर इन चीफ) तक फाइल भेजी जा चुकी है। अब मंत्रालय से स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

---

# विदेश यात्रा से लौटे सीएम का चैंबर टीम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 10 दिवसीय जापान एवं दक्षिण कोरिया विदेश यात्रा करके छत्तीसगढ़ पहुंचने पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने माना एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी और कार्यकारी अध्यक्ष ललित जैसिंघ के नेतृत्व में चैंबर टीम एवं व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन कर सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की नई औद्योगिक विकास नीति सफलता के प्रतिमान स्थापित कर रही है। श्री साय के विदेश प्रवास से छत्तीसगढ़ में विभिन्न सेक्टरों में निवेश के रास्ते खुले हैं, जिससे प्रदेश में नवीन तकनीकों के उपयोग, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, युवाओं की स्किलिंग और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा, जो कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा ओसाका जापान में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 के पहले दिन ही छत्तीसगढ़ पैवेलियन में 22 हजार से अधिक दर्शकों ने पहुंचकर प्रदेश की विरासत, उद्योग और पर्यटन की अनूठी झलक का अनुभव किया है। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि, औद्योगिक शक्ति और पर्यटन की संभावनाओं को सुंदर रूप से पिरोया गया था। यह वैश्विक दर्शकों को छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराता है।


---

# सितंबर का बिजली बिल बढ़कर मिलेगा दरों के साथ एफपीपीएस शुल्क भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**■ एफपीपीएएस शुल्क में भी इस बार इजाफा**

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर के बिल में महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ेगा। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस तय किया जा रहा है, वह छह से सात फीसदी लगने वाला है। ऐसे में जब सितंबर में अगस्त का बिल आएगा, तो इसमें जुलाई में की गई खपत पर



एफपीपीएएस शुल्क भी लगेगा। बीते माह यह शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में था। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो गया। इसके बाद जुलाई में भी एफपीपीएएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा, लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएस शुल्क बढ़ रहा है।

### 400 यूनिट की खपत पड़ेगी भारी

प्रदेश भर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब तक 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ता था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए बिल में कम हो जाते थे। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ेंगे। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

---

**शिक्षकों का कहना- नियम किए दरकिनार**

# नियमों को ताक पर रखकर युक्तियुक्तकरण, शिक्षकों ने सुनवाई में रखी आयुक्त के समक्ष अपनी बातें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

युक्तियुक्तकरण के तहत दूसरे स्कूलों में भेजे गए शिक्षकों की आपत्तियों पर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने सुनवाई की। इस दौरान रायपुर जिले के शिक्षकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी बातें भी रखीं। इनमें से ज्यादातर शिक्षकों ने उन्हें अवगत कराया कि शासन के नियमों को दरकिनार कर जिला स्तरीय समिति ने उन्हें दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया है। आयुक्त संभाग कार्यालय में आई आपत्तियों की यह अंतिम सुनवाई थी। इससे पहले आयुक्त ने रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद जिले से आई आपत्तियों पर सुनवाई कर चुके हैं।

### 5 सौ से ज्यादा आपत्तियां

रायपुर संभाग अंतर्गत सभी जिलों से पांच सौ से ज्यादा शिक्षकों ने जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आपत्तियां लगाई थीं। इन सभी आपत्तियों पर आयुक्त ने सुनवाई की। सभी जिलों की आपत्तियों के लिए सुनवाई की अलग-अलग तारीख दी गई थी। रायपुर जिले के लिए सबसे आखिरी में 29 एवं 30 अगस्त को सुनवाई हुई। शनिवार को अंतिम सुनवाई थी।



### सुनवाई के बाद अब निराकरण

सुनवाई पूरी हो चुकी है। इसके बाद अब आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। सूत्र के अनुसार इन आपत्तियों में जिन शिक्षकों को नियम के विरुद्ध दूसरे स्कूल भेजा गया है, उन्हें उसी स्कूल में यथावत रखा जाने संबंधित आदेश जारी सकता है, वहीं जिनकी आपत्ति गलत है, उनके आदेश को यथावत रखा जाएगा।

### आपत्तियों पर आयुक्त ने की सुनवाई

युक्तियुक्तकरण के तहत कई शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में रिक्त पद एवं विषवार शिक्षकों की कमी को देखते हुए पदस्थ किया है। इसके लिए सभी जिलों में जिला स्तरीय पर समिति बनाई गई थी। इन समितियों ने ही युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में जरूरत के अनुसार पदस्थ किया है। इस संबंध में सूची बनाई थी। इसके तहत ही आदेश जारी हुए थे, लेकिन इस आदेश के बाद कई जिलों में वर्तमान स्कूल से दूसरे स्कूल में पदस्थ किए गए अनेकों शिक्षकों ने जिला स्तरीय के निर्णय को शासन के नियम के विरुद्ध बताया है। इसे लेकर कई शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई है, जिस पर शिक्षकों को स्टे भी मिला है। इस याचिका पर हाईकोर्ट ने शासन को निर्देशित किया है कि संभाग स्तर पर शिक्षकों की आपत्तियों को सुनकर निराकरण करें, तब तक युक्तियुक्तकरण के आदेश को स्थगित रखा जाए।

---

# मितानिन करेंगी 4 को प्रदेश व्यापी चक्काजाम, सीएम-मंत्री निवास घेरेंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



प्रदेशभर की 75 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 4 सितंबर को राजधानी में प्रदेश व्यापी चक्का जाम करेंगी। इसके साथ ही इसी दिन मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव कर अपनी मांगों को प्रति शासन का ध्यान आकर्षित करने प्रदर्शन करेंगी।

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का ऐलान किया गया है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, प्रदेश सचिव चंद्रकिशोर वासनिक ने शनिवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। पदाधिकारी द्वय ने कहा है 4 सितंबर को प्रदेशभर की मितानिन शहर में प्रदेशव्यापी चक्का जाम कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन, वेतन में 50 फीसदी बढ़ोतरी की मांग और एनजीओ के अंदर कार्य नहीं करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने जुटेंगी। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त से मितानिन नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संभाग स्तरीय प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद करने एकजुट हुईं।

प्रदेश के 5 संभाग की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर 5 दिनों तक 5 अलग-अलग संभाग से प्रदर्शन में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट सांकरा थाने मंर दर्ज कराई गई है। पुलिस को जितेंद्र कुमार सेठ निवासी गौरिया ने बताया कि वह 30 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे अपने किराना दुकान को बंद करके नाश्ता करने घर जा रहा था, उसी समय सामने की ओर से गांव का ही दरस राम केंवट अपने मोटर सायकल के पीछे सीट में लकड़ी का पाटा बांध कर ले जा रहा था और मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसे ठोकर मारकर एक्सीसडेंट कर दिया, जिससे दाहिने पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### निःशुल्क जांच शिविर हर माह 1 को

**महासमुंद।** पूर्णतः निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर प्रतिमाह 1 तारीख को समय सुबह 6:30 से 08 बजे तक वजन, हृदय गति, रक्त शर्करा, रक्तचाप का आयोजन स्वामी शिवानंद योग भवन दिव्य जीवन संघ पटवारी कार्यालय के पास महासमुंद में किया गया है।

### वाहन चालक मालक सामाजिक संघ महासमुंद कार्यकारिणी का विस्तार

**महासमुंद।** वाहन मालक चालक सामाजिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग तिवारी की अनुशंसा एवं प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव के निर्देश में कचहरी चौक में कार्यकारिणी विस्तार के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। सर्वसम्मति से नुतेश सिन्हा मुख्य प्रचार मंत्री, समीर सैनिक उप संरक्षक मंत्री, कैलाश भोई उपसचिव, राजा भोई सम्पर्क प्रमुख, घनश्याम चंद्राकर संभागीय अध्यक्ष, शुभम सिन्हा मुख्य मीडिया प्रभारी, अमित सिन्हा उप कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष जाकिर रजा, उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, कोषाध्यक्ष गोविंद देवांगन, केशव ठाकुर उपसंगठन मंत्री, संरक्षक मंत्री अभिषेक तिवारी, उपमीडिया प्रभारी टिकेंद्र साहू, प्रचार मंत्री तिलक सिन्हा, योगेश साहू आदि उपस्थित रहे।

### दीदी के गोठ कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**झलप।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत विशेष रेडियो प्रोग्राम दीदी के कहानी उन्हें की जुबानी दीदी के गोठ कार्यक्रम 31 अगस्त 2025 को आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किया गया। वात्सल्य महिला संकुल संगठन झलप के तत्वावधान में गुरुद्वारा हॉल झलप में आयोजित इस कार्यक्रम में झलप क्लस्टर से पीआरसी थनेश्वरी साहू, क्लस्टर अध्यक्ष प्रियंका चंद्राकर, सचिव शीला चक्रधारी, कोषाध्यक्ष कंचन चंद्राकर, लेखापाल सुमन सिंह और क्लस्टर के समस्त क्रेडर, सक्रिय महिला पशु सखी, कृषि सखी, बैंक मित्र, ग्राम संगठन पदाधिकारी समूह की दीदी उपस्थित रहे।

### बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना क्षेत्र में लूटपाट के मामलों में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यालालय में पेश किया गया। पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि 30 अगस्त को प्रार्थी बनवारी लाल नंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई डिग्रीलाल नंद के घर बसना आया था, शाम करीबन 6.30 बजे हाई स्कूल बसना की ओर से टहलकर अपने भाई के घर वापस आ रहा था। तभी नायकपारा बसना में लक्ष्मी किराना स्टोर्स के पास एक पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 1590 में चार लड़के राजा सोनवानी, हरीश ओगरे, सूरज यादव व एक नाबालिग गाली गलौच करने लगे व मारपीट करने लगे। इस दौरान राजा सोनवानी ने प्रार्थी का कालर पकड लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए रखे हुए सामान को निकालने कहा। इस दौरान सूरज यादव ने शर्ट के सामने जेब में रखे मोबाईल को, राजा सोनवानी पेंट की जेब में रखे 3000 रुपए निकाल कर भाग निकले।

## गणेशोत्सव की धूम ...


अर्जुनी। महामाया मंदिर स्थित गणेश समिति ।


अर्जुनी। मां शारदा गणेश समिति।


अर्जुनी। वितराग चौक अर्जुनी।

धर्म : पर्यूषण पर्व का चौथा दिन : शौच धर्म की महिमा का हुआ गुणगान

# लोभ है समस्त पापों का जन्मदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ श्रद्धा, भक्ति और आत्मिक शुद्धि के साथ मनाया गया शौच धर्म दिवस

जैन समाज के पावन पर्व पर्युषण का चौथा दिन शौच धर्म के रूप में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। बलौदाबाजार जैन मंदिर में रविवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर श्री जी का अभिषेक किया गया, जिसमें प्रथम चार कलश का सौभाग्य अरिहंत अमित जैन, परख सुभाष जैन, सार्थक बृजेश पाटनी एवं प्रथम तुषार पाटनी को प्राप्त हुआ। वहीं शांति धारा का सौभाग्य समाज के सहसचिव सुभाष जैन, नेहा जैन, परख जैन एवं भव्या जैन को मिला।

शाम की महाआरती का सौभाग्य सोनाडीह निवासी संजय जैन को प्राप्त हुआ। समाज द्वारा सभी को खूब-खूब अनुमोदना दी गई। महिला मंडल अध्यक्षा सुमन जैन, सचिव डिंपल जैन एवं उनकी टीम ने शौच धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि उत्तम शौच धर्म के पालन से आंतरिक और बाहरी पवित्रता प्राप्त होती है, जो जीवन में सच्ची शांति और आत्मिक आनंद का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। मंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे ऋषभ जैन ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया, जिससे पूरा मंदिर भक्ति भाव से गूंज उठा। दशलक्षण पर्व के आगे बढ़ते दिनों के साथ जैन मंदिर में भक्ति और उत्साह का माहौल और भी गहराता जा रहा है।





### लोभ से बचना है, तभी जीवन बन सकता है पवित्र और सफल

■ शौच धर्म की महिमा पर सुमन लता मोदी ने दिया गहरा संदेश

**भाटापारा।** भाटापारा के श्री आदिनाथ नवग्रह पंच बाल्याती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व का चौथा दिन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री पुष्पदंत नाथ भगवान की प्रतिमा का मस्तक पर विराजित कर मंगल अभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य राहुल रियान जैन परिवार और आर्नव मोदी परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर में भगवान की मंगल आरती से दिन का समापन हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए सुमन लता मोदी ने कहा कि धर्म के तीसरे लक्षण उत्तम शौच धर्म का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शौच धर्म को स्वच्छता, निर्मलता और उज्जवलता बताया और कहा कि लोभ समस्त पापों का जन्मदाता है।

उन्होंने कहा, "जिसका मन पवित्र होगा, उसका जीवन भी पवित्र होगा। मन की इच्छाओं को पूरा करने का प्रयास अंततः अनंत अभिलाषाओं को जन्म देता है।" श्री 1008 पुष्पदंत नाथ भगवान के निर्वाण कल्याणक के पावन दिन पर भक्तों ने निर्वाण कांड का पाठ कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। रात्रि में आचार्य श्री महाराज की मंगल आरती संपन्न हुई।

#### शौच धर्म का संदेश

शौच धर्म का अर्थ है शारीरिक और मानसिक शुद्धता। यह जीवन के सभी पहलुओं में स्वच्छता, निर्मलता और उज्जवलता लाने का मार्ग है। लोभ इस धर्म का सबसे बड़ा विरोधी है, जो समस्त पापों का मूल है। इससे दूर रहकर ही कोई व्यक्ति आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है।

#### पर्युषण पर्व की धार्मिक महत्ता

पर्युषण जैन धर्म का प्रमुख पर्व है जो आत्मशुद्धि और आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान जैन अनुयायी उपवास, प्रायश्चित, और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से अपने कर्मों की शुद्धि करते हैं और जीवन में सुधार लाने का संकल्प लेते हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुआ सांसद खेल महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ ध्यानचंद जयंती पर कबड्डी, दौड़ व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं से बच्चों में बढ़ा उत्साह

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हाकी के महान खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में जांजगीर चांपा जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों और शैक्षिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया।

इस आयोजन में कबड्डी और दौड़ की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ एक वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी तर्कशक्ति और संवाद कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने अपनी मजबूत बहस के साथ सभी को प्रभावित किया और मंच पर अद्भुत प्रदर्शन किया। छात्राओं ने विशेष रूप से कबड्डी और दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस महोत्सव ने बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास और सामाजिक कौशल को बढ़ावा दिया।

## नवापारा हथबंद मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

नवापारा हथबंद में भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को मोबाइल माध्यम से सुना एवं आत्मसात किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना निषाद, जीतू यादव,मिडिया प्रभारी प्रकाश पाल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, पंच मुलचंद टंडन, संतराम ध्रुव तथा जितेंद्र साहू, संतूराम देवदास, रूपचंद पाटिल, ओंकार यादव, विशेष रूप से उपस्थित रहे सभी कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया एवं प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरक बताया कार्यक्रम का उद्देश्य ।

## तुषार का राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आरकेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा बारहवीं के छात्र तुषार सेन का 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय साले य क्रीडा प्रतियोगिता गौरेला पेंड्रा मरवाही के लिए चयन हुआ है तुषार सेन, वीरेंद्र सेन एवं साधना सेन के सुपुत्र हैं बड़े पापा गंगाराम सेन, चाचा बबलू सेन, भाई ग्रितेश एवं सोमेश सैन ने उनके चयन पर हर्ष जताया है ।



संस्था के प्राचार्य एमपी चौधरी ने बताया की तुषार सेन का प्रारंभ से ही क्रिकेट के प्रति गहरा लगाव है इनका 2021-22 में एवं 2024-25 में भी राज्य स्तरीय साले य क्रीडा प्रतियोगिता में चयन हुआ था, 2022-23 में छत्तीसगढ़ स्तरीय क्रिकेट संघ में भी इनका चयन हुआ था । साला परिवार के संचालक विनय गुप्ता ने बताया कि बलौदाबाजार के गौरव तुषार सेन निरंतर अभ्यास से ही यहां तक पहुंचे हैं और विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं उनके रिश्तेदार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है ।

## छात्राओं को वितरित हुईं साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, असौंदा में शुक्रवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसएमसी अध्यक्ष रामकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि यह योजना बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम है। इससे वे विद्यालय नियमित रूप से आ-जा सकेंगी और उनकी पढ़ाई बाधित नहीं होगी।



विद्यालय प्राचार्य खिलेश्वर कुमार जायसवाल और शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

**शिक्षा का साधन बनी साइकिल :** छात्राओं ने साइकिल पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। उनका कहना है कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में कोई असुविधा नहीं होगी और वे अधिक नियमितता से पढ़ाई कर सकेंगी। यह सुविधा उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी।

**सरस्वती योजना से बढ़ रही है शिक्षा में भागीदारी :** सरपंच और एसएमसी अध्यक्ष ने बताया कि सरकार की यह पहल ग्रामीण बालिकाओं को पढ़ाई में बनाए रखने का मजबूत आधार है। इससे ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और बेटियों को समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

शिकायत करने से डर रहे किसान, फसल और भविष्य दोनों पर मंडरा रहा संकट

# खुलेआम खाद की कालाबाजारी, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

■ 266 की यूरिया की बोरी 1000 में बिक रही, किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे व्यापारी

क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी चरम पर है, और प्रशासनिक तंत्र इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन नजर आ रहा है। निर्धारित दर 266.50 प्रति बोरी की यूरिया खाद खुले बाजार में 1000 तक में बेची जा रही है। किसान परेशान हैं, लेकिन आवाज उठाने से डर रहे हैं — उन्हें डर है कि शिकायत करने पर उन्हें समय पर खाद नहीं मिलेगी और फसल पूरी तरह चौपट हो जाएगी।

कृषि केंद्रों पर भी हालात बिगड़े हुए हैं। आधार कार्ड और फिंगरप्रिंट जैसी अनिवार्य प्रक्रिया को दरकिनार कर बिना रजिस्ट्रेशन के ही खाद बेची जा रही है। किसान बताते हैं कि कुछ विक्रेता निर्धारित प्रक्रिया का पालन न कर मनचाहे दाम वसूल रहे हैं। कालाबाजारी और अधिक मूल्य पर बिक्री, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 व 7 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके अलावा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत किसी भी दुकानदार को निर्धारित मूल्य से अधिक पर खाद बेचने की अनुमति नहीं है। दोषियों पर जुर्माने से लेकर 7 साल तक की सजा का प्रावधान है, और लाइसेंस रद्द करने का भी अधिकार प्रशासन को है। भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 406 के तहत किसानों से धोखाधड़ी करने पर सख्त सजा दी जा सकती है। बावजूद इसके, अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।



भूख और कर्ज दोनों से जूझ रहे किसान खेती के हालात चिंताजनक हैं। हल्की बारिश तो हो रही है, लेकिन खेतों में पानी टिक नहीं पा रहा। किसान कह रहे हैं कि खेत प्यासे हैं, और बुंदाबांदी से कोई लाभ नहीं हुआ। वहीं धान की फसल पर रोग लग चुका है। किसान कर्ज लेकर कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन नतीजा बहुत अच्छा नहीं मिल रहा। इस बार सूखे की आशंका भी जताई जा रही है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।

#### प्रशासन को चेताने की जरूरत

किसान ग्रामीण किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि कृषि व आपूर्ति विभाग के अधिकारी अचानक निरीक्षण करें और वास्तविक मूल्य की जानकारी सीधे किसानों से लें, तो पूरी सच्चाई सामने आ सकती है। किसानों की मांग है कि जिला प्रशासन सख्ती दिखाए और दोषी व्यापारियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम व उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करे।

